सम्पूर्ण भारत में मकर संक्रान्ति विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। विभिन्न प्रान्तों में इस त्यौहार को मनाने के जितने अधिक रूप प्रचलित हैं उतने किसी अन्य पर्व में नहीं। **हरियाणा और पंजाब** में इसे लोहड़ी के रूप में एक दिन पूर्व 13 जनवरी को ही मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल, गुड़, चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिलचौली कहा जाता है। इस अवसर पर लोग मूंगफली, तिल की बनी हुई गजक और रेवड़ियाँ आपस में बांटकर खुशियाँ मनाते हैं। बहुएँ घर-घर जाकर लोकगीत गाकर लोहड़ी माँगती हैं। नई बहू और नवजात बच्चे के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इसके साथ पारम्परिक मक्के की रोटी और सरसो के साग का आनन्द भी उठाया जाता है। **उत्तर प्रदेश** में यह मुख्य रूप से 'दान का पर्व' है। इलाहाबाद में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर प्रत्येक वर्ष एक माह तक माघ मेला लगता है जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी से ही इलाहाबाद में हर साल माघ की शुरुआत होती है। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक पूरे एक महीने किसी भी अच्छे काम को अंजाम भी नहीं दिया जाता था। मसलन शादी-ब्याह नहीं किये जाते थे परन्तु अब समय के साथ लोग बदल गये हैं। परन्तु फिर भी ऐसा विश्वास है कि 14 जनवरी यानी मकर संक्रान्ति से पृथ्वी पर अच्छे दिनों की शुरुआत होती है। इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। इस पर्व पर क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा घाटों पर बड़े-बड़े मेले लगते हैं। समूचे उत्तर प्रदेश मे इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जाना जाता है तथा इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है। **बिहार** में मकर संक्रान्ति को खिचड़ी नाम से जाना जाता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, चिवड़ा, गौ, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का अपना महत्व है। **महाराष्ट्र** में इस दिन सभी विवाहित महिलाएँ अपनी पहली संक्रान्ति पर कपास, तेल व नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल-गुड़ नामक हलवे के बांटने की प्रथा भी है। लोग एक दूसरे को तिल गुड़ देते हैं और देते समय बोलते हैं - तिल गुड़ लो और मीठा-मीठा बोलो। **बंगाल** में इस पर्व पर स्नान के पश्चात तिल दान करने की प्रथा है। यहाँ गंगासागर में प्रतिवर्ष मेला लगता है। मकर संक्रान्ति के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर मे जा मिली थी। मान्यता यह भी है कि इस दिन यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिए व्रत किया था। इस दिन गंगासागर मे स्नान दान के लिए लाखों लोगों की भीड़ होती है। इस लिए कहा जाता है -सारे तीरथ बार-बार गंगा सागर एक बार। **तमिलनाडु** में इस त्यौहार को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाते हैं। प्रथम दिन भोगी-पोंगल, द्वितीय दिन सूर्य-पोंगल, तृतीय दिन मट्टू-पोंगल अता केनू-पोंगल और चौथे व अंतिम दिन कन्या-पोंगल। इस प्रकार पहले दिन कूड़ा करकट इकठ्ठा कर जलाया जाता है, दूसरे दिन लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है और तीसरे दिन पशु धन की पूजा की जाती है। पोंगल मनाने के लिए स्नान करके खुले आंगन मे मिट्टी के बर्तन में खीर बनाई जाती है, जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्य देव को नैवैद्य चढ़ाया जाता है। उसके बाद खीर को प्रसाद के रूप में सभी ग्रहण करते हैं। इस दिन बेटी और जमाई राजा का विशेष रूप से स्वागत किया जाता है। **असम** में मकर संक्रान्ति को माघ-बिहू अथवा भोगाली-बिहू के नाम से मानते हैं। **राजस्थान** में इस पर्व पर सुहागन महिलाएँ अपनी सास को बायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही महिलाएँ किसी भी सौभाग्य सूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर चौदह ब्राह्मणों को दान देती हैं। इस प्रकार मकर संक्रान्ति के माध्यम से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक विविध रूपों में दिखती है।

REGIONAL MAHILA SAMMELAN

East Region : Kolkata (West Bengal) The sammelon of Regional Mahila Sahbhagita was conducted in Ramakrishna mission Kolkata. 30 delegates from 4 prants graced with national and regional office bearers. Smt. Anyani Burman of Dhyan Foundation inaugurated the sammelon. Swami Supernanand ji Maharaj Secretary of R.K. Mission gave valedictory speech. Dr. Reeta Bhattacharya, Geeta patnayak make fabulous arrangements.

Central Region : Udaipur (Rajasthan South) Mahila Sammelan was attended by 135 Mahila workers of BVP from Prant of Central Region. Smt. Rajni Dange ex. Mayor was the chief guest. Shri Ajay Datta Secretary General, Arun Daga Dr. Jai Raj Acharya was also present. Developing women leadership in BVP was discussed. Chief Guest appealed the ladies to participate in service activities and Sanskar projects. Chanda Sathe Sampark Pramukh also delivered thought provoking speech on role of ladies in social reconstruction; Smt. Jyoti Jain explained the idea behind women freedom. Dr. Rajkumari Bhargav presented power point presentation on Beti Bachao. Sushma Kumavat state convenor for ladies explained women security and laws. Krishna Chauhan director state research and training institute spoke on Role of Mother in developing girl child. Group discussions on career ambition of woman, independent status, and social behavior in networking was discussed by Anita Jain, Sushma Mehndiratta. Mohini Singhal and Basanti Harsh. In the concluding session Dr. Santosh Godha summarized the day long discussions. State minister and our member Smt. Kiran Maheshwari remembered the grass route work done by BVP. She extended all possible assistance to parishad work. Shri P.K Jain delivered presidential address. Dr. Usha Kumavat and Rekha Dhakar conducted the sammelan.

North Region : Mahila Sammelan was conducted at Patiala where 578 Mahila delegates from 15 prants attended the sammelan. Shri Prem Goyal senior social worker asked for active participation of ladies in social work. Sadhvi Vaishnavi Bharti, Swavet Malik MP, S.K. Wadhwa addressed the delegates. Shri Ajay Dutta, Avinash Sharma, Sashi Azad and Rajesh Sehgal participated in the sammelan.

South Region : South Region Sammelan was conducted at Dharwad on 3-4 December 2016. Justice M. Rama Jois addressed the delegates. He stressed the emergence of women leadership in BVP. He asked to participate in Sanskar Projects. 272 delegated from 6 prants were present.

North Central Region : Sammelan was organized at Agra where 550 delegates from 11 prants were present. Dr. Chandra Kala Pahariya V.C., Swati Singh BJPMM. Savitri Varshney, Usha Asthana attended the Sammelan. An attractive cultural programme based on 5 BVP Sutra was presented by local ladies. Dr. Nirja Bajpai and Dr. Rachna Agarwal displayed diet chart for ladies and documentary Jivan Chakra.

West Region : Mahila Sammelan for Gujarat State was organized at Ahmedavad. 90 delegates from 7 prants were present. Shri Shatabdi Pandey Chairperson of Mahila Bal Vikas Chhattisgarh state stressed the development of woman leadership in BVP. Shri Ajit Bhan Shah. S.R.Pareek, National President. Avinash Sharma, Mangla Savadikar and Sujata Khalawakar made impressive discussions in Mahila Sammelan.

केन्द्रीय कार्यालय के मीडिया सेल का शुभारंभ

नवम्बर, 2016 से केन्द्रीय कार्यालय में मीडिया सेल का शुभारम्भ हो गया है। श्री मुकेश गुप्ता मोबाइल नं. 9810472458 के द्वारा केन्द्रीय सूचनाओं की जानकारी तथा अपडेट प्रदान करेंगे। यह नम्बर व्हाटसएप्प के लिए भी उपलब्ध रहेगा। आगामी मार्च तक सभी शाखाओं के सदस्यों की सूची, शाखा के फेसबुक अकाउन्ट तथा प्रान्तीय वेबसाइट, फेसबुक अकाउन्ट केन्द्र से लिंक करने की योजना है। कृपया समस्त शाखाओं में कम्प्यूटर विशेषज्ञों को जोड़ने का प्रयास करें। -सम्पादक

42ND NGSC CONCLUDED AT PUNE

The prestigious 42nd national level competition of group song was concluded in Alandi fruit wale Dharamshala in a beautiful auditorium. 52 teams from all over the country reached Pune to perform their best ever performance. It was looking like miniature India. Coincidently when neighboring states are fighting for water supply and resource utilization, the youths from all states were singing inspired patriotic songs on one platform. It is the real achievement of BVP. Dignitaries from national leadership Shri Sitaram Pareek, National President, O.P.Kanoongo, National Finance Secretary, S.K.Jain Chairman NGSC, Dr. Tribhuman Sharma National Secretary and Vinod Bhai Shah Regional Secretary witnessed the disciplined, inspiring and fabulous performances of the teams.

Opening the event Shri Abhay Kumar ji Firodiya an industrialist stressed the need of inculcating national sprit among the students. He said the genuine secularism means Hinduism only. He defined हि means violence दू means unhappy. Hindu always grieves due to violence. He admired the efforts of BVP. He sighted that the gaining of real Knowledge is "Gyan".

The teams were very much excited in the presence of Dr. S.B. Majumdar founder director of symbiosis institute, to give away the prizes to the winners. Dr. Majumdar was highly impressed by the performance of different teams. He remarked that such events are useful in protecting moral values. Traditional folk songs, Sanskrit Songs and patriotic songs were performed. Results were as under.

REGIONAL FOLK SONG

1) Dyanyacity Modern Gurukul (Uttrakhand)
2) T.R.S. School (Rajasthan)
3) Sampurn Kendriya Vidyalaya (Assam)

HINDI PATRIOTIC SONG

1) D.A.V School Amritsar (Punjab North)
2) Public School, Panvel (Maharashtra Konkan)
3) R.D. Convent School, Gwalior (Madhya Bharat North)

SANSKRIT SONG

1) B.C.M.Arya School, Ludhiana (Punjab West)
2) Rajkamal Sarswati Vidya Mandir, Dhanbad (Jharkhand)
3) Krishna Public Schoo,Raipur (Chhattisgarh)

Incidentally the event was organized earlier in 1996 when 32 teams participated; after 20 years the no of teams were 52. Rajender Jog National Secretary was the Chief Convenor. All the management was monitored by D.B. Chitle, additional secretary general west region. The participants were highly inspired and satisfied by the arrangements made by Prashant Bhogate, Lalit Sharma Amit Takkar Anirudh Tadkar, Arti Srinivas Sachin and Nitin. A unique theme was offered to the participants to serve a peculiar dinner with heritage sweet dish. 52 teams were linked with 52 families for the same. The event was concluded with a common song "Desh Hame Deta Hai Sab Kuch" followed by national anthem.

श्री मनोज अवस्थी, सह सम्पादक 'नीति'

पाठकों के निरन्तर आग्रह पर 'नीति' को अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाने के क्रम में श्री मनोज अवस्थी को सह सम्पादक की नियुक्ति शीर्ष मंडल के द्वारा की गई है। श्री अवस्थी दिल्ली विश्व विद्यालय से स्नातक, बहुप्रतिष्ठित कम्पनी के उपमहाप्रबन्धक पद पर कार्यरत हैं। पत्रकारिता एवं लेखन में विशेष रूचि है। सम्प्रति पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रान्त के उपाध्यक्ष के रूप में प्रान्त में 10 नई शाखाओं को खोलने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। बधाई -सम्पादक

मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : शाखा द्वारा 13 नवम्बर को 'रक्तदान जागरूकता रैली' का आयोजन मोदीनगर शहर में किया गया। विश्वबन्धु सचदेवा, अध्यक्ष ने बताया कि रक्त का दान महादान है। शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिकों को देश की भलाई हेतु निरन्तर रक्तदान करना चाहिए। डॉ. गौरव भाटिया व डॉ. कपिल शर्मा ने रैली में उपस्थित बच्चों तथा जन समाज को विभिन्न ब्लड ग्रुप व उनके परस्पर मिलान की जानकारी भी दी।

14 नवम्बर को 'शहीदों के नाम-रक्तदान' शिविर का अग्रसेन चौक, मोदीनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रान्तीय उपाध्यक्ष मनोज अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. पवन सिंघल, संरक्षक व थाना अध्यक्ष अशोक शर्मा उपस्थित थें 146 व्यक्तियों ने रक्तदान हेतु समपक्र किया तथा 106 यूनिट रक्तदान हुआ। प्रमुख भूमिका में विवेक भाटिया, दिव्या मलिक, अतुल शर्मा, विपिन गोयल, अजय दीक्षित, मीनू अरोड़ा आदि रहे।

वसुन्धरा-गाजियाबाद : शाखा द्वारा दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 44 दिव्यागों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। राजकुमार अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष ने बताया कि शाखा सचिव राजकुमार गुप्ता के पिता जी के 90वें जन्मदिन पर शिविर लगाया गया। सम्पूर्ण वित्तीय सहायता गुप्ता परिवार द्वारा प्रदान की गई। शिविर का आयोजन भारत विकास फाउण्डेशन, दिलशाद गार्डेन में किया गया।

समर्पण देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम : शाखा द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हिमाचल इस्टीट्यूट ऑफ डेण्टल साइन्स के विशेषज्ञों की सहायता से किया गया। शिविर में 265 स्थानीय लोगों ने दन्त परीक्षण रिया गया। शिविर में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. फोजिया सुल्तान, डॉ. हिना शर्मा, डॉ. रितिका, डॉ. श्रेया आदि ने विशेष सहयोग तथा कार्यक्रम संयोजक राजीव सक्सैना सचिव रहे।

समृद्धि मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर : 12 नवम्बर को शाखा द्वारा बहुचिकित्सीय स्वास्थ्य जांच शिविर जैन कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज नई मण्डी मुजफ्फरनगर में लगाया गया। इसमें 600 से अधिक छात्राएँ लाभांवित हुई। इस चिकित्सीय शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजीस्ट, दन्त चिकित्सक, नेत्र चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट की सहभागिता रही। प्रधानाचार्य डॉ. कंचन प्रभा शुक्ल ने विद्यालय में विशेष सभा बुलाकर पोषक तत्व आधारित भोजन जैसे दलहन, तिलहन, चना आदि सेवन पर जोर दिया। मनोज सेठी, शाखा अध्यक्ष, डॉ. शुभांग भारद्वाज, सचिव के साथ किरन रानी, सुनीता सहगल, वर्षा सेठ, वैशाली शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

तेजस्विनी-इलाहाबाद, प्रयाग : शाखा द्वारा कमला नेहरु अस्पताल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन नारायणी आश्रम शिवपुरी में मनाया गया। 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण गंगा मेमोरियल स्कूल राजापुर में किया गया। शिक्षक सम्मान और हिन्दी दिवस पर 8 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। हिन्दी दिवस पर श्रीमती रश्मि कुमार ने उद्बोधन दिया। वरदान केयर सेन्टर, झांसी में गांधी जयन्ती मनाई गई। माउण्ट लिट्रा स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान तथा आर्ट प्रतियोगिता हुई। एम.एस. कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कटघर अनाथालय में बच्चों को मिठाई, दैनिक सामग्री मोमबत्ती बांटी गई। भारत को जानो प्रतियोगिता में 650 बच्चों ने भाग लिया। अध्यक्ष मधुबाला श्रीवास्तव तथा मंजू वर्मा, विभा अग्रवाल ने सहयोग किया।

लुधियाना, पंजाब पश्चिम : भारत विकास परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अक्टूबर माह में दिव्यांग सहायता योजना के अन्तर्गत 4 नि:शुल्क शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 115 दिव्यागों को 120 कृत्रिम अंग, कैलिपर, व्हीलचेयर तथा हियरिंग ऐड बांटे गये। साथ हीं हरी बस्सी पोलियों सर्जरी अस्पताल में डॉ. किचलू तथा टैक ऑटो प्राइवेट लि. के सहयोग से 8 मरीजों के 14 सफलतापूर्वक ऑपरेशन किये गये। काहन चन्द्र अग्रवाल पोलिक्लिनिक में 1250 मरीजों का उपचार किया गयां 164 होम्योपैथ, 138 आयुर्वेद, 18 आँखों, 8 स्त्री रोग, 90 दांतों, 613 हड्डियों की बीमारी, 218 एक्यूप्रेशर/एक्यूपंचर आदि मरीजों ने इलाज करवाया।

चण्डीगढ़ पूर्व, पंजाब पूर्व : शाखा द्वारा 36वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला सेक्टर-20 में

किया गया। यह आर्मी कमाण्ड हॉस्पिटल तथा पी.जी.ई. चण्डीगढ़ के सहयोग से कराया गया था। कुल 96 यूनिट रक्तदान हुआ।

छीपा बडौद, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 710 मरीजों की जांच की गई। 353 मोतियाबिल्द ऑपरेशन योग्य मरीजों को चिन्हित कर नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में कोटा, बारां, खानपुर, श्योपुर, गुन्ना, पीपलडा, दीगोद, अटरू, किशनगंज, भरतपुर के मरीज सम्मिलित हुए।

रामगढ़, राजस्थान उत्तर पूर्व : शाखा द्वारा प्रकाश चन्द्र जैन की स्मृति में विशाल नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में 300 मरीजों का परीक्षण हुआ और 66 मरीजों के ऑपरेशन मुरलीधर कृपा अस्पताल में सम्पन्न हुआ। श्री देवीलाल धाकड़, श्रीमती संध्या देवी, श्री महावीर जैन ने सहयोग किया।

सांचोर, राजस्थान पश्चिम : ट्रस्ट द्वारा संचालित प्राथमिक चिकित्सालय के विकलांग सहायता केन्द्र पर 3396 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। श्रीमती गेरीबेन सिरेमल बुरड़ परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। गत दो महीनों मं फिजियोंथेरेपी केन्द्र पर 2577 मरीजों की सहायता प्रदान की गई। पुनर्वास केन्द्र पर 105 दिव्यांगों को हरीश कुमार मिश्रीमल जी एवं श्रीमाल मुम्बई के सौजन्य से लाभान्वित हुए।

शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम : शाखा द्वारा विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। लगभग 300 रोगियों ने नेत्र जांच कराया। 66 रोगियों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवीलाल धाकड़ रहे तथा मनोज जैन, प्रान्तीय शाखा विस्तारक स्वाति जायसवाल, भूपेन्द्र जैन, विनोद काला, शाखा अध्यक्ष ने प्रमुख भूमिका निभाई। शाखा द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरण करने में सुमेर सिह, राम प्रसाद, प्राचार्य सीराज जी मंसुरी ने सहयोग किया। शाखा विस्तारक मनोज जैन, विनोद काला, बीना जैन, कैलाश चौधरी ने सहभागिता की।

Karimganj, Assam : Branch organised a Free Eye Camp (post operation) on 22nd Nov., 2016 at Anandapur. Cataract patients were operated at Lion's Eye Hospital, Silchar. Dr. Nikhil Sarkar examined the patients and free medicines were distributed.

Badarayana, Karnataka South : A health programme conducted in collaboration of Vasai Club, Bengaluru at National College grounds. S. Satyamurthy, a well known drugless therapist conducted the programme. He was assisted by Dr. Venkatachalapathy , Gen. Secy., Prant and other members of branch.

B Block-Janakpuri, West Delhi :Vishal Sewa Shivir was organized to help the destitute by providing artificial limbs. Artificial limbs were provided to 6 persons. Other than this 3 rotators, 11 hearing aids, 8 wheel chairs, walking sticks wre given. Some poor and needy boys and girls were assisted by 18 Sewing machines and 45 pair of shoes. 500 Notebooks 300 pencils, eraser and other items were given to mentally challenged boys. One static cycles and lumber belt was given worth Rs. 1.5 lakh – Ek Rahat Ashirwad and Vijay Vigyan foundation helped in the project. Major Shyam Sharma appreciated the camp. Rita, poor lady and Ram Prasad a handicapped boy was financially assisted – Mahinder Pahuja of Pappu Panir & O.P.Malik contributed for generous cause in Bharat Ko Jano 817 students appeared in written test from 5 schools.

Ludhiana Charitable Trust, Punjab West : During October 2016 the center provided 120 artificial limbs calipers wheel chairs and hearing aids to 120 physically handicapped. 14 polio corrective surgery to 8 patients were done with help of Tech. Auto private limited. 1250 patients were checked up and medicines were distributed.

Karimganj, Assam : Free cataract detection camp was organized in association with NPCB. 170 patients were checked up and 30 were selected for eye operations. Operation were done by Dr. Jhalak Deb Roy at Lion's eye Hospital Silchar.

Imphal & Imphal City, Manipur : Branch organized free distribution of Tricycles to physically handicapped. In Imphal Shri Suresh Jain and Swadesh Ranjan Goswami along with local office bearers Dr. Rajinder and Smt. Indra Patni were present. A Kaushal Vikas Centre was also inaugurated in the presence of senior office bearers and guest.

गुरु तेग बहादुर का अमर बलिदान

11 नवम्बर 1675, दिल्ली की चांदनी चौक! मुगलिया हुकूमत की क्रूरता देखने के लिए लोग इक्ट्ठे हो रहे थे। लेकिन वे शान्त बैठे हुए थे। प्रभु परमात्मा में लीन। शर्त के मुताविक अगर गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म कबूल कर लेते हैं तो सब हिन्दुओं को मुस्लिम बनना होगा। बिना कोई जोर जबरदस्ती के। गुरु साहिब तीन महीने से कष्टकारी कैद मे थे। उनके तीन सेवादारों भाई मतिदास, सतीदास और दयाला को बड़ी बेरहमी से मार दिया गया था। लेकिन फिर भी गुरु जी इस्लाम धर्म को अपनाने के लिए तैयार न हुए। औरंगेब के लिए भी यह इज्जत का सवाल था। क्या वह गिनती में छोटे धर्म से हार जाएगा। हिन्दू समाज की सांसे अटकी हुई थी। गुरु जी अडोल बैठे थें किसी का धर्म खतरे में थ। धर्म का अस्तित्व खतरे में था। एक धर्म का सब कुछ दाव पर लगा था। हाँ या ना पर सब कुछ निर्भर था। औरंगजेब लाल किले से निकलकर खुद चल के आया था। सुनहरी मस्जिद के काजी के पास। उसी मस्जिद से कुरान की आयत पढ़ कर यातना देने का फतवा निकलता था। वो मस्जिद आज भी है। गुरु द्वारा सीसगंज चांदनी चौक के पास। आखिरकार जालिम जब उनको झुकाने में कामयाब नहीं हुए तो जल्लाद की तलवार चल चुकी थी और प्रकाश अपने स्रोत में विलीन हो चुका था। ये भारत के इतिहास का एक ऐसा मोड़ था जिसने पूरे हिन्दुस्थान का भविष्य बदलकर रख दिया। हर दिल में रोष था, कुछ समय बाद गोविन्द राय ने जालिम को उसी के अंदाज में जबाब देने के लिए खालसा पंथ का सृजन किया।

गुरु जी का बलिदान स्थल गुरुद्वारा शीशगंज बना। आधीरात शिष्य लुबना गुरु जी के शरीर को बैलगाड़ी पर रकाबगंज गाँव में रखा। सैनिकों के पहुँच जाने पर जुबना ने घर को आग लगा दी और गुरु जी का शरीर अग्नि को समर्पित कर दिया। इस स्थान पर गुरुद्वारा स्थित है। जैता नानू तथा ऊदा नामक शिष्य गुरु जी के सिर को लेकर 5 दिन में 320 किलोमीटर चलकर कीरतपुर पहुँचे जहाँ 16 नवम्बर को गोविन्द सिंह ने अपने पिता का अंतिम संस्कार किया।

दबा, कुचला निर्बल, समाज अब परिपक्व हो चुका था। उनको खालसा बनाया। इज्जत से जीना सिखाया। निर्बल और असहाय की मदद गुरु तेग बहादुर ने हिन्द की चादर बन कर तिलक और जनेऊ की रक्षा की।

फार्म न० 4

नियम संख्या 8

नीति (मासिक) के स्वामित्व और अन्य विवरण जो केन्द्रीय धारा 1956 के अन्तर्गत समाचार पत्रों के पंजीयन के लिए प्रकाशित करना आवश्यक है।

1.	प्रकाशन स्थान	पीतमपुरा, दिल्ली
2.	प्रकाशन अवधि	मासिक
3.	मुद्रक का नाम	अजय दत्ता
	राष्ट्रीयता	भारतीय
	मुद्रण स्थल	भावना प्रिंटर्स, ए-26, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-II दिल्ली-110028
	पता	भारत विकास भवन, बीडी ब्लॉक, पावर हाउस के पीछे, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
4.	प्रकाशक	अजय दत्ता
	राष्ट्रीयता	भारतीय
	पता	भारत विकास भवन, बीडी ब्लॉक, पावर हाउस के पीछे, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
5.	प्र०स० का नाम (अवैतनिक)	डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता
	राष्ट्रीयता	भारतीय
	पता	भारत विकास भवन, बीडी ब्लॉक, पावर हाउस के पीछे, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
6.	पत्र के स्वामी का नाम	भारत विकास भवन, बीडी ब्लॉक, पावर हाउस के पीछे, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

मैं, अजय दत्ता, एतद् भारत विकास परिषद् द्वारा यह घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिया गया उक्त विवरण सत्य है।

दिनांक : 22 जनवरी, 2016 **अजय दत्ता**

- प्रकाशक ह०

नई शाखाएँ

मण्डोला-गाजियाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश (विकास रत्न) : नई शाखा का शुभारम्भ एक सादे समारोह में 13 नवम्बर, 2016 को हुआ। प्रान्तीय अध्यक्ष अरुण सिंहल तथा प्रान्तीय महासचिव प्रो. सतीश चन्द्र गर्ग, ममता शर्मा, प्रान्तीय महिला संयोजिका द्वारा मण्डोला क्षेत्र के पदाधिकारियों को चार्टर प्रदान किया।

क्रासिंग रिपब्लिक-गाजियाबाद : 20 नवम्बर, 2016 को श्री सुरेश जैन, राष्ट्रीय समन्वयक भारत विकास परिषद् द्वारा नई शाखा के पदाधिकारियों को चार्टर प्रदान कर शाखा का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम पैरामाउण्ट सैम्फनी के क्लब में सम्पन्न हुआ। कविता बंसल, अध्यक्ष व संदीप मेहरा सचिव बने। कार्यक्रम में कुलभूषण, अनिरूद्ध अग्रवाल, नवीन कुमार, अरुण सिंघल, सतीश चन्द्र गर्ग आदि उपस्थित रहे।

बारा सिवनी, महाकौशल : शाखा का उद्घाटन 101 सदस्यों के साथ सम्पन्न हुआ। जनपद बालाघाट की 4 तहसीलों में शाखाएँ स्थापित होकर अब प्रान्त के सभी जिलों में शाखाएँ स्थापित हो गई है। स्थापना के अवसर पर प्रान्तीय संरक्षक बी.डी.मतेले, डॉ. इन्दुकान्त द्विवेदी ने सदस्यों से सेवा कार्य करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अरुण डागा ने प्रान्त के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए परिषद् के नीति के अनुसार कार्य संचालन का निर्देश दिया। इस अवसर पर जनपद की समस्त शाखा पदाधिकारियों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता ने संबोधित किया। शाखा अध्यक्ष डॉ. नीरज अरोरा, सचिव अनिल पिपरेवार, कोषाध्यक्ष राहुल अरोरा ने व्यवस्था संभाला।

महिला सशक्तिकरण

महात्मा गाँधी ने कहा था 'महिलाओं और पुरुषों की स्थिति एक समान है परन्तु एक जैसी नहीं'। आज भी हमारे समाज में लड़कियों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, भेदभाव होता है। न ही उनकी शिक्षा पर, न ही स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। आज महिलाओं को शिक्षित और कार्य कुशल बनाने की जरूरत है। अच्छी शिक्षा और कार्य कौशल सीखने से वे स्वावलंबी हो सकती हैं। इसी से उन्हें शक्ति मिलेगी। इस शक्ति का प्रयोग कर वे समाज में व्यापक हिस्सेदारी निभा सकती हैं। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं की भी भूमिका थी। एक स्वस्थ, शिक्षित और हुनरमंद महिला, राष्ट्र के लिए संपदा होती है, समृद्धि में योगदान करती है।

गाँव की पंचायतों में महिलाओं को 33% आरंक्षण मिल गया है। वहाँ गाँवों की स्थिति पहले से बेहतर हुई। कई जगह ऐसे भी है जहाँ कम शिक्षित महिलाओं ने मिलकर ऐसा कुछ कर दिखाया जिसे करना आसान नहीं था। रायपुर से 80 किलोमीटर दूर बसना ब्लॉक के चनाऊ की महिलाओं ने मिलकर एक लाख की लागत लगाकर जेट्रोफा की नर्सरी लगाई और उसे बेचकर 17 लाख रुपये की कमाई कर डाली। इसी तरह का उदाहरण है लिज्जत पापड़ का संगठन जिसमें गरीब महिलाओं ने मिल जुलकर विकास और आत्मनिर्भरता के लिए कदम उठाए, आज लिज्जत पापड़ एक बड़ा उद्योग बन गया। (सेल्फ इम्प्लॉयड वीमेन एसोसिएशन) की प्रसिद्ध गाँधीवादी इला भट्ट ने एक से बढ़ कर एक काम किए हैं। लघु ऋण से काम करने वाली महिलाओं में देखा गया है कि वे ईमानदारी से ऋण वापस करती हैं। महिलाएँ न कमजोर होती है और न कम दक्ष। महिलाएँ ऐसी नहीं होती जैसा आज बना दी गई है। यह स्थिति तो समाज के भेदभाव के कारण बनी है। हमें इसे मिटाना है।

देश के विकास में महिलाओं के योगदान की बहुत संभावनाएँ हैं। यह तभी संभव है जब हम उन्हें सामाजिक तौर पर सुरक्षा और आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भरता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा कर चलने की ताकत दें। इन्हें अच्छी शिक्षा, कार्य कौशल देने की सर्वाधिक आवश्यकता है। कदम से कदम मिलाकर चलने दें महिलाओं का ऐसा संकल्प, सशक्तिकरण का मार्ग मजबूत करेगा। -नंदिता झा

पाठक पत्र

- श्री सत्यनारायण मित्तल, प्रशान्त विहार, दिल्ली के वरिष्ठ सदस्य ने केन्द्रीय कार्यालय में उपस्थित होकर नीति के नये और आकर्षक कलेवर के लिए साधुवाद दिया। श्री मित्तल के अनुसार 'नीति' में हुए रोचक परिवर्तनों से नीति अब पारिवारिक पत्रिका बन गई है। यह बच्चों के सद्गुणों के विकास में सहायक है।
- कोई भी प्रकाशन विचारों और सम्पादिक अभिव्यक्ति को प्रकट करने का सशक्त माध्यम होता है। तद्नुरूप 'नीति' पत्रिका परिषद् की वाणी है। इसकी प्रतीक्षा ही इसके सफल एवं उत्तम सम्पादन का प्रमाण है। सारगर्भित विचार, सदस्यों की विचारधाराओं का निचोड़, क्षेत्रों का मार्गदर्शन तथा अव्यक्त समस्याओं का भी समाधान हेतु माध्यम के रूप में पत्रिका के सम्पादन हेतु साधुवाद, आभार। -इं. बी.डी. शर्मा, मेरठ।

उत्तराखण्ड पश्चिम, द्रोण देहरादून : शाखा सदस्य मेजर प्रेमलता वर्मा को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। इनके पति श्री अनिल वर्मा 97 बार रक्तदान कर चुके हैं।

दिशा बोध

एक यात्री महाकाल के दर्शन की उत्कृष्ट इच्छा लेकर उज्जैन पहुँचा। वह महाआरती में सम्मिलित होना चाहता था। आरती का सही समय उसे ज्ञात नहीं था। अत: सामने आते हुए ऑटो रिक्शा को रोका और मंदिर जाने का किराया पूछा। ऑटो वाले ने दो सौ रुपया बताया। यात्री ने कम करने का आग्रह किया। किन्तु ऑटो रिक्शा चालक टस से मस न हुआ।

किराया अधिक मानकर यात्री पैदल ही चल दिया। लम्बी दूरी पार करने के बाद वही रिक्श वाला उसी रास्ते पर आता हुआ दिखाई पड़ा। यात्री ने फिर उसे रोका और बोला भैय्या आधा रास्ता तो पार हो गया। अब कितना पैसा लोगे। रिक्शे वाले ने कहा कि अब चार सौ रुपये लगेगें। भले आदमी मैने आधी दूरी तो पहले ही पार कर ली है। फिर तुम दुगना किराया क्यों मांग रहे हो। अब तो तुम्हें सौ रुपये लेने चाहिए। महाशय जिस रास्ते से तुम जा रहे हो वह ठीक विपरीत रास्ता है। तुमने रास्ता ही गलत चुना है। अब महाकाल की दूरी दुगनी हो गई है। अत: चार सौ मांग रहा हूँ।

आरती का समय निकला जा रहा था। समय पर पहुँचना मुश्किल था। जो व्यक्ति सही समय पर सही दिशा नहीं चुनता उसकी स्थिति इसी प्रकार होती है। उचित निर्णय, सही दिशा, सफलता के सोपान और लक्ष्य की जानकारी नहीं होने पर व्यक्ति भटक सकता है। मंजिल की दूरियाँ बढ़ जाती हैं तब लक्ष्य प्राप्ति करने में वह असफल हो जाता है। व्यक्ति जब गलत दिशा चुन लेता तो समय, शक्ति और पैसा भी अधिक खर्च होता है। – **शंकरलाल माहेश्वरी** (जिला शिक्षाधिकारी सेवा निवृत्त), भीलवाड़ा

सुखी कौन?

एक दुखी व्यक्ति किसी संत के पास गया और उसने सुखी होने का उपाय पूछने लगा। संत ने उत्तर दिया कि तुम किसी सुखी व्यक्ति का कुरता ले आओ। उसे पहन कर तुम भी सुखी हो जाओगे। वह ऐसा कुरता पाने के लिए भटकता रहा। अन्त में उसे एक साधू दिखाई पड़ा। जो प्रसन्नचित था। मात्र एक धोती पहने हुए था उसने साधू से कुरता मांगा। तो पता चला कि उसके पास तो कोई वस्त्र नहीं है। मात्र एक धोती वह पहने हुए था। उसने साधू को सारा विवरण बताया। साधू कोला – पुत्र दुख तो संग्रह में ही है। सुखी तो मात्र वह ही रह सकता है जो अन्दर से निश्चित है और संसार में किसी वस्तु की कामना उसे नहीं है। जो निर्लिप्त है, निर्विकार है, वही सुखी है। वह मनुष्य दुख के कारणों को समझ गया और हंसता मुस्कराता संत के पास चला गया। संत ने कहा यही सूत्र सुखी रहने का उपाय है। इसी का पालन कर सभी ज्ञानी जन जीवनभर सुखी रह पाते हैं।

पुण्य स्मरण!

डॉ. कन्हैयालाल गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भारत विकास परिषद् के दायित्व और संगठन की अद्भुत क्षमता तथा कर्मशील व्यक्तित्व के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा। परिषद् की स्वर्ण जयन्ती स्मारिका का समयबद्ध प्रकाशन उनकी विशेष उपलब्धि रही। परिषद् में विनम्रता, कर्मठता और क्रमबद्ध विकास के लिए उन्हें स्मरण किया जाएगा। 10 जनवरी को उनकी पुण्य तिथि पर परिषद् परिवार का नमन्। -सम्पादक

देहदान व नेत्रदान

मदनगंज किशनगंज - श्री अशोक जी सांखला (सदस्य) पुत्र श्री मिश्री लाल सांखला के मरणोंपरान्त नेत्रदान प्रभारी संदीप बाल्दी व महासचिव कैलाश अजमेरा द्वारा सम्पन्न हुआ मेडिकल कॉलेज अजमेर द्वारा नेत्रदान कराया गया।

मदनगंज किशनगंज - श्रीमती मंजू सांखला पत्नी श्री अशोक सांखला के मरणोंपरान्त नेत्रदान प्रभारी संदीप बाल्दी व महासचिव कैलाश अजमेरा द्वारा सम्पन्न हुआ मेडिकल कॉलेज अजमेर द्वारा नेत्रदान कराया गया।

मदनगंज किशनगंज - श्री राकेश सांखला पुत्र श्री अशोक साखला के मरणोंपरान्त नेत्रदान प्रभारी संदीप बाल्दी व महासचिव कैलाश अजमेरा द्वारा सम्पन्न हुआ मेडिकल कॉलेज अजमेर द्वारा नेत्रदान कराया गया।

मेरठ (हस्तिनापुर) श्री वंशीधर अग्रवाल पुत्र श्री प्रहलाद राय के मरणोंपरान्त नेत्रदान डॉ. राजेन्द्र गुप्ता (मेरठ) के सहयोग से कराया गया। मेडिकल कॉलेज मेरठ का सहयोग रहा।

रोहतक (हरियाणा दक्षिण) श्री पृथ्वी राज यादव जी ने अपने पिता जी श्री प्रदीप कुमार यादव के मरणोंपरान्त जिला सचिव एवं नेत्रदान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता के सहयोग से पी.जी.आई. हॉस्पिटल को करवाया।

रोहतक (हरियाणा दक्षिण) श्री अतुल जैन जी ने अपने पिता जी श्री रमेश चन्द्र जैन एवं नेत्रदान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता के सहयोग से पी.जी.आई. हॉस्पिटल को करवाया।



रोहतक (हरियाणा दक्षिण) श्री राजेश कुमार जी ने अपने पिता जी श्री कृष्ण कुमार खन्ना के मरणोंपरान्त जिला सचिव एवं नेत्रदान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता के सहयोग से पी.जी. आई. हॉस्पिटल को करवाया।

अभिनव मेरठ, हस्तिनापुर : शाखा के सदस्य श्री एस.के.गौड़ के मरणोंपरान्त उनके संकल्प एवं इच्छानुसार मानवता की भलाई हेतु परिवार द्वारा उनके पार्थिव शरीर को एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज, मेरठ को दान किया गया।

सांखला परिवार के सदस्यों पति, पत्नी तथा पुत्र का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। पुत्र राकेश का विवाह 11 नवम्बर, 2016 को सम्पन्न हुआ था। सांखला परिवार के प्रति सम्वेदना।

''हंसते-हंसते कीजिए रक्तदान का काम, ताकि दु:खियों को मिले जीवन दान''।

आओ कुछ हंस लें-

1. **टीचर** - चांद पर पहला कदम किसने रखा था।

   बंटी - जी नील आर्मस्ट्रांग

   टीचर - राइट! और दूसरा

   बंटी - दूसरा भी उसने ही रखा होगा सर। एक कदम चलकर वह वापस थोड़े ही आ गया होगा।

2. **राम प्यारे** बाल कटवाने सैलून मे गया।

   सैलून वाला - बाल छोटे करवाने हैं?

   राम प्यारे - बड़े हो सकते हैं क्या।

3. **भिखारी** - क्या बात है साहब। पहले आप सौ रुपये देते थे। बाद मे पचास, फिर पच्चीस, फिर दस।

   साहब - पहले मैं कुंवारा था तो सौ देता था। फिर मेरी शादी हो गई तो पचास। एक बच्चा हो गया तो पच्चीस, दो बच्चे है तो दस देता हूँ।

   भिखारी - वाह साहब पूरे परिवार को मैरे पैसे से ऐश करवा रहे हो।

4. **एक आदमी** शादी का कार्ड लेकर ढ़ाई लाख रुपये लेने बैंक गया।

   3 घण्टे बाद बैंक कर्मी ने कहा पैसे नहीं मिलेंगे। उसने पूछा क्यों

   तो बैंक कर्मी ने कहा 40 साल पुराना कार्ड नहीं चलेगा।

   आदमी - हद है भाई - अब ढ़ाई लाख के लिए नई शादी करूँ क्या?

5. **एक सवाल**

   अगर बैंक की लाइन में मृत्यु के जिम्मेदार मोदी है तो हजारो निर्दोष सिखों की हत्या का जिम्मेदार कौन है?

   1947 के नरसंहार का जिम्मेदार कौन है? तो हजारों कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का जिम्मेदार कौन है?

   बस वैसे ही पूछ रहा हूँ।

   एक और सवाल

   सुप्रीम कोट सरकार से पूछ रही है कि दस दिनों से पैसे के लिए लोग कतार में खड़े हैं। उनके लिए सरकार क्या कर रही है।

   हम सुप्रीम कोर्ट से पूछते हैं कि सामान्य लोग न्याय के लिए वर्षों आपके दरवाजे पर चक्कर काटते हैं और कुछ मर भी जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट क्या कर रही है?

6. **एक दुकानदार** चिल्ला चिल्लाकर पैराशूट बेच रहा था। हवाई जहाज से कूदो, बटन दबाओ और सुरक्षित जमीन पर पहुँचो।

   कस्टमर - अगर पैराशूट न खुला तो?

   दुकानदार - तो पैसा वापस।

7. **रामू और श्यामू को** तीन बम मिले। दोनों उन्हें लेकर पुलिस को देने चल दिये।

   रामू - अगर कोई बम रास्ते में फट गया तो।

   श्यामू - तो कह देंगे हमें दो ही बम मिले थे।

8. **ग्राहक** - देखो इस लस्सी में मच्छर है। अब मैं इसे नहीं पी सकता।

   दुकानदार - थोड़ा बड़ा दिल रखो सर। ये नन्ही सी जान तुम्हारी कितनी लस्सी पी जाएगी।

9. **पड़ोसी** - क्यों मार रहे हो रामू को। डैड - कल सुबह इसका रिजल्ट आने वाला है।

   पड़ोसी - लेकिन आज क्यों मार रहे हो। डैड - कल मैं बाहर जा रहा हूँ।

मेरा पत्र मेरा संदेश

एक बार इजरायल देश का अपने पड़ोसी देशों से तीस दिन युद्ध चला। सेनापति ने अपने प्रधानमंत्री को फोन किया। सर! हमारे हजारों सैनिक शहीद हो चुके हैं। केवल 40000 सैनिक बचे हैं। दुश्मन की सेना में दो लाख सैनिक शहीद हैं। यदि युद्ध दो दिन और चला तो हमारी हार निश्चित है। दुश्मन अपने देश पर कब्जा करके हमें गुलाम बना सकती है। बड़े धैर्य के साथ टी.वी. पर प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

प्रिय विद्यार्थियों।

हमारे हजारों सैनिक युद्ध में शहीद हो चुके हैं। दुश्मन के पास लाखों सैनिक हैं हमारी सेना पीछे हट रही है। देश गुलाम हो सकता है। अब केवल आप ही देश को बचा सकते हैं। आज आपका इजरायल देश आपकी शक्ति, पराक्रम, आपका खून और बलिदान मांग रहा है। आज रात ग्यारह बजे अपने निकटतम रेलवे स्टेशन से गाड़ी सीमा पर जायेगी। आपसे मेरी हाथ जोड़ कर विनती है कि कॉपी-किताब, कलम छोड़कर जो भी अस्त्र शस्त्र, भला बरछा, गडास, तलवार, गोली, बन्दूक मिले उसे लेकर युद्ध भूमि में पहुँच जाएँ।

रातो ही रात 5 लाख विद्यार्थी सीमा पर पहुँच कर युद्ध करने लगे। दुश्मन की सेना में खलबली मच गई। उसके लाखों सैनिक मारे गये। देश के विद्यार्थियों ने देश को गुलाम होने से बचा लिया। सेनापति ने यह समाचार प्रधानमंत्री को दिया तो खुशी के मारे प्रधानमंत्री की आँखों में आँसू आ गये। विद्यार्थियों ने इस विजय श्री का सेहरा प्रधानमंत्री को दिया और कहा कि आपने हमें देश के लिए कुछ करने का अवसर दिया।

मेरे प्यारे विद्यार्थियों

आज काला धन, भ्रष्टाचार, भ्रष्ट नेता, जमाखोर, आतंकवाद और राहू केतू आदि दुश्मन सब एक साथ मिलकर देश पर लगातार आक्रमण कर रहे हैं। इन सबसे लड़ने के लिए आज मैं हाथ जोड़कर और सर झुकाकर आपका आह्वान करता हूँ। इस संकट और आपातकाल में मैं आपका समर्थन और सहयोग चाहता हूँ। आज आप काले धन से देश को बचा लीजिए।

आपका प्रधान सेवक - नरेन्द्र मोदी

हमारा कर्म और हमारी सोच जीवन बदल देती है

कई बार हम दूसरो की बातों में आकर यह निर्धारित कर लेते हैं कि हम तो ये काम कर ही नहीं सकते। परन्तु ये तो हमारी सोच ही है जो हमें आगे बढ़ने नहीं देती। अगर हम सच्चे दिल से, पूरी शक्ति से कुछ करने की ठान लें तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही एक वृतांत है। एक बार किसी गाँव के लिए ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी कि की यहाँ पर अगले सात वर्षों तक बारिश नहीं होगी। यह सुन कर गाँववासी बहुत ज्यादा परेशान हो गये। उन्होंने उस गाँव को छोड़ने का निर्णय लिया। लेकिन एक किसान को अपने गाँव से बहुत ज्यादा लगाव था। उसने देखा सभी गाँव छोड़ कर जा रहे हैं, परन्तु उसने निर्णय लिया कि वो गाँव छोड़ कर कहीं नहीं जायेगा वहीं पर रहेगा। परन्तु उसके मन में भी एक अजीब सा डर था। उसने अपने हल और दूसरे खेती करने वाले औजार एक तरफ रख दिए और सोचा अब सात सालो तक बारिश तो होगी नहीं फिर हल आदि का क्या काम। पर एकदम उसके मन में ख्याल आया वर्षा तो सात सालो तक नहीं आएगी अगर मैंने हल नहीं चलाया तो कही मैं हल चलाना ही न भूल जाऊँ। यह सोचकर वो अपने खेत में हल चला कर खेत जोतने लगा। इसी तरह कई दिन, महीने बीत गये। उसको मन में ये खुशी थी कि वो तो अपना काम कर रहा है।, उसका अभ्यास भी बना ही रहेगा। एक दिन जब वो अपना खेत जोत रहा था, एक पानी की बदली खेत के ऊपर से गुजर रही थी। उसने किसान से कहा-भाई तुमने सुना नहीं यहाँ सात सालो तक वर्षा नहीं होगी फिर तुम क्यों खेत जोत रहे हो? ये सुन कर किसान ने कहा मैं अपना कार्य कर रहा हूँ। नहीं तो इतनी लम्बी अवधि में तो मैं खेती करना ही भूल जाऊँगा। जब बदली ने ये सुना तो उसके भी मन में आया कहीं इतने वर्षों में वो बरसना भूल गई तो। वो बरसने लगी। उसको बरसती देख कर अन्य बदलियाँ भी वहाँ आ गई और बरसना भूलने वाली बात सुन कर सभी झमाझम बरसने लगी। ये हमारी सोच ही है जो हमें जिता भी सकती है और हरा भी। अगर हम परिस्थितियों से हार मान लेंगे तो कभी जीत नहीं सकते पर अगर हम परिस्थितियों का डट कर मुकाबला करेंगे तो एक दिन जरूर सफल होंगे। -**गुंजन गोयल**, हिसार।

भारत को जानो

हस्तिनापुर : भारत को जानो की प्रान्तीय प्रतियोगिता सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल मेरठ में सम्पन्न हुआ। 7 जिलों की टीम ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में मुजफ्फरनगर संकल्प की टीम एम.जी.पब्लिक स्कूल तथा वरिष्ठ वर्ग में अभिनव मेरठ शाखा की सुरेश देवी हेमचन्द्र सरस्वती ज्ञान मंदिर की टीम विजेता रही। प्रान्तीय अधिकारियों ने सहभागिता की।

मेरठ मेन : शाखा द्वारा भारत को जानो प्रश्न मंच का आयोजन आधुनिक तकनीक कम्प्यूटर व बजर के आधार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रेम मेहता ने भारत विकास परिषद् द्वारा सेवा व संस्कार के किए जा रहे कार्यों की सराहना की। 20 विद्यालयों ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल तथा कनिष्ठ वर्ग में के.एल. पब्लिक स्कूल की टीमों ने प्रथम स्थान प्रान्त किया। कार्यक्रम को सफलत बनाने में के.जी. अग्रवाल, पंकज कंसल, डॉ. भरत, अधीर मांगलिक, संदीप कुमार, सुदेश कुमार, सुरभि वर्मा का विशेष योगदान रहा।

ब्रह्मावर्त : प्रान्तीय भारत को जानो प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लिया। डॉ. राजेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, श्री रामशरण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संरक्षक उपस्थित रहे। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री भारत भूषण जुनेजा ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराई।

किदवई नगर कानपुर : भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन (किदवईनगर) में किया गया। 10 विद्यालयों की टीमों ने कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग में हिस्सा लिया। वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर, दामोदर नगर तथा कनिष्ठ वर्ग में एस.जे.एजुकेशन सेन्टर, हंसपुरम की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश चन्द्र पाण्डेय, प्रोफेसर ब्रह्मानन्द डिग्री कॉलेज रहे। कार्यक्रम मे रामशरण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संरक्षक, प्रमोद दादू, क्षेत्रीय मंत्री सेवा, राधेश्याम अग्रहरि व एम.एल.अग्रवाल प्रान्तीय संरक्षक उपस्थित रहे।

उन्नाव : भारत को जानो लिखित परीक्षा में जनपद उन्नाव के 28 स्कूलों के कुल 2300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नमंच में कनिष्ठ वर्ग के 15 तथा वरिष्ठ वर्ग के 12 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पर सेंट ज्यूड्स स्कूल रहा। इस अवसर पर संस्था ने चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा के लिए डॉ. ए.के.शुक्ला, सुनील यादव, डॉ. टी.सी. भारती, शान्ति स्वरूप पिपलानी को शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

पाञ्चजन्य-कानपुर : शाखा द्वारा भारत को जानो प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन रघुवंश एकेडमी के सभागार में किया गया जिसमें कुल 14 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में कृष्णा फाउण्डेशन एकेडमी के सन्नी पाल व प्रबल चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में रघुवंश एकेडमी के शिवम् यादव व अमोल कमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन भारत भूषण जुनेजा, संजय दुआ, प्रान्तीय संयोजक ने किया।

बुन्देलखण्ड : प्रान्त स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता झाँसी में सम्पन्न हुई। दोनों वर्गों में 16 विद्यालयों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में वीरांगना पब्लिक स्कूल झाँसी व वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती इण्टर कॉलेज, कोंच के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रदीप जैन आदित्य, पूव्र केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार रहे। इस दौरान कुंज बिहारी गुप्ता, पूर्व क्षेत्रीय चेयरमैन, राजेश जैन, प्रान्तीय अध्यक्ष, पूर्व क्षेत्रीय संगठनमंत्री आदि उपस्थित रहे।

